# BPSC MENTORSHIP

## Current Affairs Capsule 02

### विदेश व्यापार नीति 2023

- उन्होंने कहा कि भारत का समग्र निर्यात 750 अरब डॉलर को पार कर चुका है।
- उन्होंने कहा कि विदेश व्यापार नीति का लक्ष्य 2030 तक भारतीय निर्यात को 20 खरब डॉलर तक ले जाना है।

### महिला सम्मान बचत प्रमाण-पत्र योजना

- वित्त मंत्रालय ने 'महिला सम्मान बचत प्रमाण-पत्र योजना' के लिए अधिसूचना जारी कर दी है।
- यह योजना देश-भर के 1 लाख 59 हजार डाकघरों में उपलब्धत है।
- यह योजना लचीले निवेश और आंशिक निकासी के विकल्पों के साथ दो लाख रुपये की अधिकतम सीमा के साथ त्रैमासिक चक्रवृद्धि ब्याज 7.5 प्रतिशत का आकर्षक और निश्चित ब्याज प्रदान करती हैं। यह योजना 31 मार्च, 2025 तक दो साल की अवधि के लिए वैध है।
- इस योजना की घोषणा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने वर्ष 2023-24 के बजट में की थी।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

- वित्त मंत्रालय का 'वित्त सेवा विभाग' प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तीन महीने के गहन अभियान की शुरुआत कर रहा है।
- इन दोनों सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का उद्देश्य नागरिकों विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को जीवन और दुर्घटना बीमा कवरेज प्रदान करना है।
- 'प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना' में किसी भी कारण से मृत्यु की स्थिति में दो लाख रुपये का बीमा दिया जाता है, जबकि 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' मृत्यु या पूर्ण स्थायी विकलांगता के लिए दो लाख रुपये और आंशिक स्थायी विकलांगता के मामले में एक लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करती है।
- इन दोनों योजनाओं को 9 मई 2015 को लॉन्च किया गया था।

### नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (NILP)

- हाल ही में सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक पाँच वर्षों के दौरान 1037.90 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ कार्यान्वयन हेतु एक नई केंद्र प्रायोजित योजना ''नव भारत साक्षरता कार्यक्रम'' शुरू किया है।
- यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की सिफारिशों के अनुरूप है।
- इस योजना के लक्ष्य के अंतर्गत, देश के 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी गैर-साक्षर शामिल है, जिसमें महिलाओं और शैक्षिक रूप से पिछड़े राज्यों पर अधिक ध्यान दिया जाता है।
- इसके पाँच घटक हैं - (i) प्राथमिक साक्षरता और अंकज्ञान, (ii) महत्वपूर्ण जीवन कौशल, (iii) बुनियादी शिक्षा, (iv) व्यावसायिक कौशल, (v) सतत शिक्षा।
- यह योजना स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से कार्यान्वित की जायेगी।

### भारतीय रिजर्व बैंक

- 1 अप्रैल को भारतीय रिजर्व बैंक का स्थापना दिवस मनाया जाता है, इसकी स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को की गयी थी।
- RBI से पहले, केंद्रीय बैंक के सभी कार्य 'इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया' द्वारा किए जा रहे थे। इसे 'इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम, 1920' के माध्यम से वर्ष 1921 में स्थापित किया गया था, जिसने तीन प्रेसीडेंसी बैंकों को एक मजबूत बैंक में मिला दिया था।
- बाद में 'हिल्टन यंग कमीशन' ने सिफारिश की थी कि केंद्रीय बैंक को अलग से बनाया जाना चाहिए। अतः 'भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934' के प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल 1935 को 'भारतीय रिजर्व बैंक' की स्थापना हुई थी।
- शुरू में RBI का केंद्रीय कार्यालय 'कोलकाता' में स्थापित किया गया था लेकिन 1937 में स्थायी रूप से इसे 'मुंबई' में हस्तांतरित कर दिया गया था।
- वर्ष 1949 में राष्ट्रीयकरण के बाद से रिजर्व बैंक पूरी तरह से भारत सरकार के स्वामित्व में है।

## वन लाइनर करेंट अफेयर्स

- प्रधनमंत्री ने भोपाल से नई दिल्ली (हजरत निजामुद्दीन स्टेशन) 'वंदे भारत एक्सप्रेस' को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से रवाना किया। यह देश की 11वीं वंदे भारत रेलगाड़ी है।
- प्रधनमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजित 'कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस' में भाग लिया। सैन्य कमांडरों के तीन दिवसीय इस सम्मेलन की थीम 'रेडी रिसर्जेंट, रिलेवेंट' है।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री थी. गिरिराज सिंह, नई दिल्ली में 'दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना' के तहत एक अनूठी पहल में 19 कैप्टिव नियोक्ताओं के साथ शामिल हुए। ये नियोक्ता गांव के गरीब युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे और प्रशिक्षित युवाओं को अपनी कंपनी या सहायक कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराएंगे।
- अमरीका में जॉर्जिया असेम्बली ने हिंदूफोबिया की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है और यह ऐसा विधावी कदम उठाने वाला पहला अमरीकी राज्य बन गया है।
- अटल नवाचार मिशन (AIM), नीति आयोग ने भारत के युवाओं में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन नए संसाधन लॉन्च किए हैं। जिसमें मुख्य रूप से ATL Tinkering पाठ्यक्रम, उपकरण मैनुअल और 2023-24 के लिए गतिविधियों का कैलेंडर प्रस्तुत किया गया है।
- भारतीय मूल के 'रिचर्ड वर्मा' को अमेरिकी सीनेट ने विदेश विभाग में प्रबंधन व संसाधन मामलों का उपसचिव बनाया है। अमेरिकी सरकार के इस शक्तिशाली दायित्व को 'विदेश विभाग का CEO' भी कहा जाता है।
- तीन दिन की दूसरी 'जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक' सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल में संपन्न हुई।
- केन्द्रीय माध्यम शिक्षा बोर्ड CBSE ने उससे संबद्ध सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है।
- भारतीय डाक भुगतान बैंक (IPPB) ने अपने ग्राहकों के लिए व्हाट्सऐप बैंकिंग सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है। स्थापना 1 सितम्बर, 2018, मुख्यालय, नई दिल्ली।
- दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने हेतु सरकार के दबाव के कारण राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (NDRI), करनाल, हरियाणा ने देसी नस्ल 'गिर' (गाय) का भारत का पहला क्लोन मादा बछड़ा 'गंगा' तैयार किया है।
- हाल ही में 'भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम' ने स्पष्ट किया कि बैंक खाते से बैंक खाता आधारित UPI भुगतानों के लिये कोई शुल्क नहीं लगेगा। NPCI के अनुसार 2,000 रुपए से अधिक के PPI संसाधनों के माध्यम से किये गए UPI लेन-देन पर 1.1% का विनिमय शुल्क लिया जाता है, जबकि ग्राहकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।
- हाल ही में एक ऑस्ट्रेलियाई अक्षय ऊर्जा कंपनी 'ग्रीन ग्रेविटी' ने लो-टेक ग्रेविटी तकनीक का उपयोग करके कर्नाटक में निष्क्रिय कोलार गोल्ड फील्ड्स (KGF) से विद्युत उत्पन्न करने के लिये एक योजना प्रस्तावित की है।
- हाल ही में 'साइंटिफिक डेटा' पालिका में प्रकाशित शोध में ग्लोबल वार्मिंग के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं में भारत को 5 स्थान दिया गया है। तापमान में 0.28 डिग्री सेल्सियस (17.3%) वृद्धि के कारण अपने कुल उत्सर्जन के साथ 'संयुक्त राज्य अमेरिका' सूची में शीर्ष स्थान पर है। चीन दूसरे और 'रूस' तीसरे स्थान पर रहा।
- ISRO ने हाल ही में 'EOS–06' उपग्रह पर ओशन कलर मॉनिटर (OCM) पेलोड द्वारा कप्लर की गई छवियों का एक ग्लोबल फाल्स कलर कंपोजिट (FCC) मोजेक जारी किया है।
- असम की तिबा जनजाति के लोग बुवाई के मौसम की शुरुआत के प्रतीक के रूप में मनाने के लिये प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार 'यांगली महोत्सव' का आयोजन करते हैं।
- 'बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा' एक प्रमुख बोटो सामाजिक कार्यकर्ता और ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष थे। उनके योगदान की मान्यता में, असम सरकार ने 31 मार्च को छात्र दिवस के रूप में घोषित किया, जिसे पूरे राज्य में मनाया गया।
- हर साल 1 अप्रैल के दिन ओडिशा में 'उत्कल दिवस' मनाया जाता है। ओडिशा राज्य की 1 अप्रैल, 1936 को ब्रिटिश भारत के एक प्रांत के रूप में स्थापित किया गया था।

## वन लाइनर करेंट अफेयर्स

- 'इसरो' ने पुनः उपयोग में लाए जा सकने वाले प्रक्षेपण यान की स्वतः लैंडिंग का मिशन Reusable Launch

Vehicle Autonomous Landing Mission (RLV LEX) सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। प्रक्षेपण यान 'RLV LEX' का परीक्षण कर्नाटक में चित्रदुर्ग के परीक्षण रेंज में किया गया।

- उपराष्ट्रपति 'जगदीप धनखड़' की पत्नी 'सुदेश धनखड़' को राजस्थान के झुंझुनू जिले में 'सतत विकास और भू-जल संरक्षण' पर काम करने के लिए 'अर्थशास्त्र में पीएचडी' की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि टोंक जिले में बनस्थली विद्यापीठ के एक दीक्षांत समारोह में दी गई।
- 'अंजलि शर्मा' को लुआंचड़ी पहनकर अफ्रीका से 'किलिमंजारो पर्वत' पर फतह किया। 'लुआंचड़ी' हिमाचल प्रदेश की पारंपरिक पोशाक है।
- 'यूरोपीय संघ' ने कांगड़ा चाय को भौगोलिक संकेतक जीआई टैग प्रदान किया है। इससे कांगड़ा के चाय उत्पादकों को अपनी उपज यूरोप में निर्यात करने में मदद मिलेगी। वर्ष 1852 में डॉ. जेमसन, एक ब्रिटिश सिविल सर्जन ने कांगड़ा घाटी में चाय के बीच रोपे थे।
- जी-20 की भारत की अध्यक्षता में, ऊर्जा रूपांतरण कार्य-समूह की दूसरी बैठक में गुजरात में गांधीनगर में शुरू हो गई है।
- तुर्की की संसद ने नाटो का 31वा सदस्य बनने के 'फिनलैंड' के दावे को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन वर्ष 1949 में स्थापित एक अंतर सरकारी सैन्य गठबंधन है।
- मार्च 2023 में भारतीय रेलवे ने हरियाणा राज्य के रेलवे नेटवर्क को पूरी तरह से विद्युतीकरण कर दिया, जिसमें यह देश का पहला राज्य बन गया, जिसने अपने रेलवे नेटवर्क को 100% विद्युतीकरण हासिल किया है। भारतीय रेलवे ने लक्ष्य बनाया है कि वह दिसंबर 2023 तक अपने ब्रॉड गेज मार्गों का 100% विद्युतीकरण प्राप्त करेगा।
- भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN–SPACE) द्वारा हाल ही में अहमदाबाद में Space System Design Lab का उद्घाटन किया गया।
- भारतीय-अमेरिकी इंजीनियर 'अमित क्षत्रिया' जिन्हें सॉफ्रटवेयर और रोबोटिक्स में विशेषज्ञता है, को NASA के हाल ही में स्थापित 'मून टू मार्स प्रोग्राम' के प्रथम प्रमुख के रूप में नियुक्ति किया गया है।
- विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक के 20 लाख ग्रामीण परिवारों को उनके घरों में पानी के कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति प्रदान करने के लिए 36.3 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी।
- 'डॉ. एम. ए. हसन' की पुस्तक, ''वॉर एण्ड वुमेन'' को जिनेवा, स्विट्जरलैंड में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 52वें सत्र के दौरान लॉन्च किया गया।
- भारतीय सेंसर बोर्ड की सदस्य और अभिनेत्री 'वाणी त्रिपाठी टिकू' ने अपनी पहली वनों की किताब लिखी है, जिसका नाम है। "Why Can't Elephants be Red??" जो Niyogi Books द्वारा प्रकाशित की गई है।
- 2012 के लंदन खेलों के एक दशक से भी अधिक समय बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका की एक धावक 'लशिंडा डेमस' को 40 साल की उम्र में 'ओलंपिक स्वर्ण पदक' से सम्मानित किया गया है और चेकिया की 'जुलाना हेजनोवा' की रजत पदक और जमैका की 'कालीज स्पेंसर' को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। 'अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति' ने रूसी डोपिंग घोटाले में शामिल होने के कारण 400 मीटर बाध दौड़ में मूल स्वर्ण पदक विजेता 'नताल्या अंत्युख' को उनके खिताब से हटा दिया है।
- प्रख्यात लेखिका 'सारा थॉमस' (केरल) का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष की थीं।
- पूर्व भारतीय क्रिकेटर 'सलीम अजीज़ दुर्रानी' का गुजरात के जामनगर में निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे और कुछ दिनों से बीमार थे।